report is under examination in the CEA. Various inputs like clearance under section 29 of the Electricity Supply Act, 1948, gas linkage, Environmental clearance from Ministry of Environment and Forests etc., are yet to be tied up by the State Government.

एयर बस ए-320 द्वारा उडाने न भरने देने के फारग हुई हानि

43. **डा० अबरार अहमद** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) एअर बस ए–320 को उड़ान भरने से रोकने संबंधी सरकार के निर्णय से कितनी वित्तीय हानि हुई हैं ; क्या इस हानि के लिए कोई जिम्मेदारी तय की गयी है ; यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और दोषी अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्यवाही की जा रही हैं ;

(ख) एअर बस ए–320 विमान की कुल संख्या कितनी है जिन्हें करार के मुताबिक खरीदा जाना है और इनमें से कितने विमान भारत में आ चुके हैं ;

(ग) क्या कुछ एअर बसों की सुपुर्दगी को स्वीकार करने में हुए बिलम्ब के कारण सरकार को कुछ मुआवजा देना पड़ेगा यदि हां तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ; और

(घ) क्या हमारे विमान चालक एअर बस ए–320 को उड़ाने में पूरी तरह से सक्षम है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) इंडियन एअर लाइन्स को 40 सप्ताह के दौरान विमानों की उडाने रोकने के कारण अनुमानित 171.60 करोड़ रुपये की कुल हानि हुई । ए–320 विमानों की उड़ाने रोकनें का निर्णय मंत्रिमडल स्तर पर लिया गया था ।

(ख) दिनांक 15–3–86 के खरीद समझौते की शर्तो के अनुसार 19 एअर बस ए–320 विमान तो प्राप्त हो चुके हैं परन्तु दिनांक 5–6–89 को पूरक समझोते की शर्तो के अनुसार 12 अतिरिक्त विमान अभी प्राप्त होने हैं ।

(ग) इंडियन एयर लाईन्स ने एयर बस ईन्डस्ट्री को विमान प्राप्त करने में देरी के कारण कोई क्षति पूर्ति नहीं की है ।

(घ) जी, हां ।

पांच सितारा होटलों में धोती पहनकर जाने वाले व्यक्तियों के लिए रियायतें

44. **डा० अबरार अहमद** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि क्या सरकार के पांच सितारा होटलों में सरकार द्वारा धोती पहनकर जाने वाले व्यक्तियों को दी जाने वाली रियायतें जारी रहेंगी अथवा इस योजना में कुछ परिवर्तन किये जायेंगे, यदि हां तो उसका ब्यौरा क्या है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : 25–1–1991 से भारत पर्यटन विकास निगम ने एक स्कीम शुरू की है जिसके अतर्गत सभी होटलों के विनिर्दिष्ट रेस्तराओं में सप्ताह में दो दिन अर्थात बृहस्पतिवार और शुक्रवार को ग्रामीण अतिथियों को थाली भीजन पर 50% छट दी जाती है । यह रियायत उन ग्रामीण व्यक्तियों को अपनी पहचान सिद्ध करने पर दी जाती हैं जो संबंधित होटल/रेस्तरां के आस–पास 50 किलोमीटर के दायरे में रह रहें हों । तथापि सघ राज्य–क्षेत्र दिल्ली में स्थित होटलों के मामले में, 50 किलीमीटर दूरी की सीमा लागू नहीं होती और भारत के किसी भी भाग का रहने वाला कोई भो वास्तविक ग्रामीण अतिथि इस सुविधा का लाभ उठा सकता है । यह स्कीम अभी भी जारी है ।

Royalty on coal for Bihar

45. SHRI S. S. AHLUWALIA: Will the Minister of COAL be pleased to state:

(a) whether Government have any *proposal to raise the royalty on coal* to be paid to the State of Bihar;

(b) if so, what are the details thereof;